स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

प्रेस नोट संख्या–136, दिनांक 09–05–2024

अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 03 तस्कर, 02.700 किग्रा0 अफीम के साथ गिरफ्तार ।

दिनांक 09-05-2024 को एस0टी0एफ0 उत्तर प्रदेश को अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 03 सदस्यो को 02.700 किग्रा0 अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 42 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः–

1-रईस अहमद पुत्र मो0 सफी, निवासी ग्राम मझगवां, थाना विशारतगंज, जनपद बरेली ।

2-संजय कश्यप पुत्र देवीदास, निवासी ग्राम मझगवां, थाना विशारतगंज, जनपद बरेली ।

3- विकास कुमार भुईयां पुत्र रामवृक्ष भुईयां, निवासी ग्राम बीघा, पोस्ट देहर, थाना चौपारन, जनपद हजारीबाग, झारखण्ड ।

बरामदगीः–

1- 02.700 किग्रा0 अवैध मादक पदार्थ अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्य 42 लाख रूपये)

2- 03 अदद मोबाईल फोन ।

3- 3800/– रूपये नगद।

गिरफ्तारी का स्थान व दिनांकः–

गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड, थाना सुभाष नगर जनपद बरेली। दिनांक–09-05-2024 समय–10-00 बजे प्रातः।

एस0टी0एफ0 उ0प्र0 को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न इकाईयों/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया, जिसके अनुपालन में श्री अब्दुल कादिर, पुलिस उपाधीक्षक एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, बरेली के पर्यवेक्षण में उ0नि0 राशिद अली के नेतृत्व में मु0आ0 गिरिजेश पोसवाल, मु0आ0 संदीप कुमार, मु0आ0 शिवओम पाठक, आ0 संजय यादव,मु0आ0 कमाण्डो विनोद कुमार यादव व चालक मु0आ0 मनोज कुमार अवस्थी एसटीएफ फील्ड इकाई बरेली की एक टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये अभिसूचना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

अभिसूचना संकलन के माध्यम से ज्ञात हुआ कि गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली मार्ग पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 03 व्यक्ति आने वाले है, जिनके पास भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ होने की सम्भावना है। मुखबिर की इस सूचना पर विश्वास कर, गन्ना मिल नेकपुर बरेली बदायूं रोड थाना सुभाष नगर जनपद बरेली पहुॅचकर मुखबिर की निशादेही पर उपरोक्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त रईस अहमद उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह यह अफीम रंजीत दांगी निवासी ग्राम देहर पोस्ट देहर थाना चौपारन जनपद हजारीबाग झारखण्ड से मंगवाता है तथा अच्छे दामों पर बरेली व आस–पास के जनपदों में बिक्री कर देता है, जिससे इसे मोटा मुनाफा होता है, इसके इस कार्य में संजय कश्यप व विकास कुमार भी शामिल है। इन तीनों की आय का यही साधन है।

गिरफ्तार अभियुक्त रईस अहमद, संजय कश्यप व विकास कुमार उपरोक्त के विरूद्ध थाना सुभाष नगर, जनपद बरेली पर मु0अ0सं0–156 /2024 , धारा– 8/18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना सुभाष नगर जनपद बरेली द्वारा की जायेगी